कार्यवाही

एसपी ने निकाला पैदल मार्च-बोले यातायात बाधित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# जनपद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा की गाड़ी से निकलवाए हूटर

**नवभारत, दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के द्वारा शुक्रवार शाम एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया,सीएसपी एचआर पांडे,टीआई कोतवाली मनीष कुमार,टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, सूबेदार अभिनव साहू, ऐजेके टीआई रचना मिश्रा,फेमिदा खान,अंजलि अग्निहोत्री सहित पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ शहर में पैदल मार्च निकाला.इस दौरान घंटाघर स्थित एवरेस्ट लाज के पास जनपद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा की कार में हूटर लगे पाए गए. जिन्हें तत्काल ही यातायात थाना प्रभारी से बोलकर गाड़ी को जप्त किया और थाने ले जाकर हूटर निकलवाए। इसके बाद उन्होंने शहर के अन्य मार्गों का निरीक्षण किया और लोगों से भी बातचीत की.साथ ही जिन दुकानदारों के द्वारा सड़क तक अपनी सामग्री रखी गई थी उन्हें निर्देशित किया गया कि यातायात में बाधा उत्पन्न ना करें. एसपी के द्वारा बताया गया की कानून व्यवस्था और आगामी त्यौहार को देखते हुए सभी पुलिस अधिकारियों के साथ मैंने यह पहला पैदल मार्च निकाला है. शहर के प्रमुख मार्गो से यह पैदल मार्च निकाला गया.लोगों से बातचीत की गई. कुछ लोग यातायात में बाधा डाल रहे थे उन्हें निर्देशित किया गया है ताकि लोगों को अच्छा यातायात मिल सके.इस दौरान रास्ते में जनपद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा की नेम प्लेट लगी एक कार सड़क पर खड़ी थी.उन्हें हूटर लगाने की कोई अनुमति नहीं थी इसलिए तत्काल हूटर निकलवाने के निर्देश दिए गए हैं.साथ ही यातायात टीम को निर्देशित किया गया है कि नगर पालिका सीएमओ के साथ मिलकर शहर का भ्रमण करें और सड़क पर जो स्थाई अतिक्रमण करने वाले लोग हैं उन पर कार्रवाई की जाए.








**लोगों को एक व्यवस्थित और अच्छा यातायात मिल सके**

यह उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी. साथ ही अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए भी उन्होंने शहर में यह पैदल मार्च निकाला है.ताकि अपराधियों में पुलिस के प्रति भय व्याप्त हो सके और वह अपराध करने से दूर रहें.



## एसपी ने किया बनवार चौकी का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवभारत,दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने गुरुवार देर शाम बनवार चौकी का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने लंबित अपराधों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की.एसपी श्री कलादगी ने थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल व चौकी प्रभारी मनीष यादव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.उन्होंने चौकी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, फरियादियों से बेहतर व्यवहार और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए.पुलिस अधीक्षक ने चौकी के रिकॉर्ड, मालखाना और हवालात का भी निरीक्षण किया.उन्होंने अवैध गति विधियों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए.साथ ही एसपी श्री कलादगी ने चौकी में साफ-सफाई गार्डन के अलावा और भी व्यवस्थित चौकी होने पर चौकी प्रभारी की प्रशंसा जाहिर की.

## शांतिनाथ के संदेश को आत्मसात करने का लिया संकल्प

कल्याणक महोत्सव पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

**कुम्हारी नवभारत 15 मई।** श्री सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में भगवान श्री 1008 शांतिनाथ भगवान के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से निर्वाण लाडू चढ़ाया गया तथा भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया गया।महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने भगवान शांतिनाथ के जीवन और उनके तप, त्याग एवं मोक्ष के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। धार्मिक अनुष्ठानों, मंगलाचरण एवं भक्ति कार्यक्रमों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित संतजनों एवं वक्ताओं ने भगवान शांतिनाथ के आदर्शों पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि धर्म, संयम और अहिंसा का मार्ग ही मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाता है।





दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने नोहटा पहुंचकर मंत्री धर्मेंद्र सिंह से की मुलाकात

## हटा में आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स का समापन

**नवभारत,हटा/दमोह.** वर्तमान भाग दौड़ भरी जीवन शैली में स्वास्थ्य, सक्रियता और खुशहाली भरे जीवन में योग और अध्यात्म बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफलिविंग पूरे विश्व में योग और अध्यात्म के माध्यम से अलख जगा रही है। संस्था की हटा इकाई के शिक्षक आशुतोष सुहाने ने बालाजी कंस्ट्रक्शन ऑफिस हटा में आयोजित 6 दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इस आपाधापी से भरे जीवन को सकारात्मक व तनाव मुक्त रखने के लिए हमारे अस्तित्व के सभी स्तरों को जैसे शरीर, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार,श्वास और आत्म बोध पर साधना, सेवा, सत्संग, प्राणायाम, योग, ध्यान और ज्ञान की कुंजियों के माध्यम से जीवन जीने की कला को सिखाया गया।योग और अध्यात्म का सामंजस्य हमारे जीवन में उतना ही आवश्यक है जितना हमारे अस्तिव को भोजन। योग हमको स्वस्थ बने रहने में मदद करता है, तो अध्यात्म जीवन में सृजनात्मकता के साथ साथ सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है। इस शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अंतिम दिन कोर्स से प्राप्त अपने अपने अनुभव साझा किए,तनु लोधी ने बताया की इस शिविर से मेरी दिनचर्या में सुधार हुआ हैं गुस्से पर कंट्रोल करना सीखा,सचिन सेन ने बताया मुझे जीवन के लिए नई दिशा मिल गई हैं,मयंक कोरी ने बताया मुझे अपने व्यापार में दक्षता लाने की सही तकनीक मिली हैं और कार्यक्षमता में वृद्धि भी हुई है.





### जैन मिलन महिला नेमीनगर शाखा की मासिक बैठक, वरिष्ठ पदाधिकारियों का किया सम्मान

**नवभारत,दमोह।** जैन मिलन महिला नेमीनगर शाखा क्षेत्र क्रमांक 10 दमोह की मासिक बैठक वीरांगना शोभा जैन के निज निवास पर संपन्न हुई. बैठक का शुभारंभ महावीर प्रार्थना के साथ किया गया.बैठक में आगामी श्रुत पंचमी पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई.शाखा के लिए गौरव का विषय रहा कि अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन का क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर चयन होने पर शाखा द्वारा उनका भव्य सम्मान किया गया. साथ ही मुख्य संयोजिका के रूप में वीरांगना रश्मि जैन का भी सम्मान किया गया.

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया हटा थाने का औचक निरीक्षण

**यातायात व्यवस्था का लिया जायजा**

**नवभारत,हटा/दमोह.** दमोह जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी शुक्रवार दोपहर प्रथम बार औचक निरीक्षण हेतु हटा पुलिस थाना पहुंचे। इस निरीक्षण के दौरान हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी व नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी बनाए रखने,अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने व कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।थाना निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक नगर हटा की यातायात व्यवस्था का जायजा लेने नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने मंदिर-मस्जिद चौराहा, अग्रवाल पेट्रोल पंप, मां चंडी जी नाका, गौरीशंकर मंदिर मार्ग, बजरिया मार्ग एवं बड़ा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया।



पुलिस नगर निरीक्षक सुधीर बेगी से कहा कि वह नगर के विभिन्न प्रतिष्ठान वालो से मिलकर अपील करे कि सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाये, इससे हर गतिविधियो पर नजर रखी जा सकेगी। नगर भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक शासकीय एमएलबी स्कूल के सामने भी रुके और वहां की यातायात स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग व निगरानी आवश्यक है, ताकि नागरिकों को जाम जैसी समस्याओं से राहत मिल सके।गौरतलब है कि बीते कुछ समय से हटा नगर में ट्रैफिक जाम की समस्या आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी।

## ग्राम चीलघाट में निकली कलश शोभायात्रा

**क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया**

**कुम्हारी नवभारत 15 मई।** ग्राम चीलघाट में आयोजित धार्मिक महोत्सव के प्रथम दिवस बैठकी एवं कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।सुबह से पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं अभिषेक का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम डॉ. अनिल शास्त्री के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आयोजन के माध्यम से गांव में भक्ति और आध्यात्म का वातावरण निर्मित होगा तथा श्रीमद् भागवत कथा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से 'धर्म की गंगा' प्रवाहित होगी।



**पूरा क्षेत्र भक्तिमय**

कलश शोभायात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल रही, वहीं भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### ऊर्जा विभाग दमोह द्वारा वर्षा पूर्व लाइनों का मेनटेनेंस कार्य पूर्णता की ओर

**नवभारत,दमोह।** दमोह शहर के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग-दमोह द्वारा वर्षा पूर्व विद्युत लाइनों का मेनटेनेस कार्य किया जा रहा है।शहर के अतर्गत विभिन्न 06 नं. 33 के व्ही लाईन विद्यमान हैं।जिनमें से 33 के व्ही. इमलाई, 33 के व्ही. बी.एस.एन.एल., 33 के. व्ही.पी.जी.सी. आई.एल.,33 के. व्ही. जबलपुर नाका एवं 33 के.व्ही. हटा लाइन का 100 प्रतिशत तथा 33 के. व्ही टाउन का 50 प्रतिशत मेनटेनेंस कार्य पूर्ण कर लिया गया है।इसी प्रकार दमोह शहर के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. के 06 नं. विद्युत उपकेन्द्र क्रियाशील है।जिनसे 11 के.व्ही. के कुल 19 नं.फीडर निर्गमित हैं।इन 19 फीडरों में से किल्लाई नाका एवं जबलपुर नाका उपकेन्द्रों के अंतर्गत सभी 4-4 फीडरों, सीताबावरी उपकेन्द्र के अंतर्गत सभी 5 फीडरों का मेनटेनेंस कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## आंधी-तूफान से टीन शेड व छप्पर उड़े

**चीलघाट गाता क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित**

**कुम्हारी नवभारत 15 मई।** ग्राम कुम्हारी एवं उससे जुड़े चीलघाट गाता क्षेत्र में आए तेज तूफान और आंधी ने भारी नुकसान पहुंचाया। अचानक चली तेज हवाओं के कारण कई घरों के टीन शेड और छप्पर उड़ गए, जिससे ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है। तूफान इतना तेज था कि कई स्थानों पर टीन शेड उड़कर पेड़ों पर जा अटके। ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी सुरक्षा के लिए घरों से बाहर निकल आए। तेज हवाओं के चलते कई पेड़ भी क्षतिग्रस्त हुए तथा बिजली व्यवस्था भी प्रभावित होने की जानकारी मिली है। नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिलाने की मांग।





ग्रामीणों ने बताया कि अचानक बदले मौसम और आंधी-तूफान ने काफी नुकसान पहुंचाया है। कई परिवारों के मकानों की छतें प्रभावित हुई हैं, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## 25 वर्षों बाद शनिवार को पड़ रही शनि जयंती

### आज शनि मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

**नवभारत,दमोह.** ज्येष्ठ मास में 16 मई को शनि जयंती के साथ ज्येष्ठ अमावस्या व वट सावित्री व्रत के तीन-तीन शुभ संयोग बन रहे हैं.इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 25 वर्षों बाद शनिवार के दिन शनि जयंती पड़ रही है.जिससे इसका विशेष महत्व बताया गया है.



एक साथ तीन योग बनना भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए शुभ फलदायक है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनि देव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या के दिन हुआ था.इसलिए प्रतिवर्ष जेष्ठ मास की अमावस्या को शनि जयंती मनाई जाती है इस वर्ष इसका विशेष महत्व इसलिए भी है कि यह शनिवार को मनाई जा रही है.मान्यता है कि शनि जयंती के दिन शनि देव की विधि विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं.सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होने की मान्यता है.इसी के परिपेक्ष में एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में भी शनि जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है.

**शुभ योग का संयोग**


शनि जयंती पर शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शुभ मुहूर्त में पूजन करना उत्तम रहेगा.इस योग में शुभ मांगलिक कार्यों को करना बेहद उत्तम माना जाता है.इस वर्ष शनि जयंती और शनिवार का 25 वर्षों बाद अदृत संयोग पढ़ रहा है.

## एक नजर में



### मेडिकल कॉलेज और सांदीपनि स्कूल के कार्य समय सीमा पर पूर्ण हों : परमार

**नवभारत,दमोह.** मेडिकल कॉलेज और सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) के कार्य समय सीमा पर पूर्ण हो जाए यहां पर सड़क आदि सभी कार्य त्वरित गति से कराई जाए नगर के दोनों आरओबी की लाइटें सुधरें और सड़क सुधार का कार्य तत्काल कराया जाए।यह निर्देश प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक हटा उमा देवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी,वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, अपर कलेक्टर मीना मसराम,एडीशनल पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया सहित जिला धिकारी मौजूद रहे।



### बनवार में 5 कार्यों का लोकार्पण व 3 कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत,दमोह.** सरकार ने विकास के लिए अधोसंरचना के लिए राशि दी है। चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, चाहे अन्य क्षेत्र हो, इसी क्रम में बनवार में लोकार्पण और कुछ काम के भूमि पूजन किए हैं, जिनका भविष्य में लोकार्पण करेंगे। मध्यप्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं, इसलिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।चाहे एलोपैथी, आयुर्वेद हो, तेज गति के साथ अस्पताल और महाविद्यालय बढ़ा रहे हैं ताकि आने वाले समय में आमजनों की स्वास्थ्य की सब मिलकर हम चिंता कर सकें,यह विशेष प्रयास है।इस आशय की बात प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने ग्राम बनवार में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के दौरान कही।मंत्री श्री परमार ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में जो आमूलचूल परिवर्तन देश में चल रहा है,इसलिए शिक्षा के संस्थानों में भी अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर देना, अच्छी सुविधाएं देना ताकि गरीब के बेटों के मन में यह हीन भावना नहीं हो कि हम तो सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं जो सरकारी स्कूल बहुत अच्छी हालत में नहीं हैं।

## रनेह थाना का पुराना घिसा वाहन अनियंत्रित, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**नवभारत,दमोह.** हिंडोरिया मार्ग पर तिंदनी के समीप रनेह थाना का पुराना पुलिस वाहन शनिवार को अचानक अनियंत्रित हो गया. चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया. वाहन में सवार थाना प्रभारी और सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित बताए गए.जानकारी के अनुसार रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन सहित स्टाफ परेड में शामिल होने दमोह आ रहा था.इसी दौरान तिंदनी के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया.पुलिस वाहन पलटते-पलटते बचा.चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को नियंत्रित कर लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई.थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन सहित वाहन में सवार सभी पुलिसकर्मी सकुशल बताए गए हैं.




### घांघरी में कच्ची शराब पर कार्रवाई

**नवभारत,जबेरा/दमोह.** नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम घांघरी में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से महुआ शराब जप्त करवाई.



## पत्नी ने आने से किया इंकार तो पति ने खुद पर किया चाकू से हमला

**गंभीर हालत में लाया गया जिला अस्पताल**

**नवभारत,दमोह.** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने शुक्रवार दोपहर पत्नी के मायके से ना आने के चलते ससुराल में खुद पर चाकू से हमला कर लिया.जिसे ससुराल वाले गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. युवक के पेट में गहरा घाव है जिसका डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है. घायल युवक की पहचान सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत आने वाले गुंजोरा गांव निवासी पूरन पटेल के रूप में हुई है. घायल युवक ने बताया कि उसकी ससुराल पथरिया थाना के किन्दहो गांव में है.उसकी पत्नी अपने मायके में रुकी हुई थी वह शुक्रवार दोपहर उसे लेने के लिए ससुराल आया था.पत्नी ने आने से इनकार कर दिया,जिससे गुस्से में आकर उसने वही रखी सब्जी काटने वाली चाकू अपने पेट में मार ली. इसके बाद उसके ससुराल वाले उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.युवक ने बताया कि वह चाहता है कि उसकी पत्नी मेरे साथ मेरे घर चले पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है.





### वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की 8 माह से बंद पेंशन हुई शुरू कलेक्टर ने सौंपा स्वीकृति आदेश

**नवभारत,दमोह।** जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने पूर्व में वृद्धाश्रम का दौरा कर वहां रह रहे बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान किया। निरीक्षण के दौरान वृद्ध माताओं और बुजुर्गों ने बताया कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन पिछले आठ महीनों से बंद थी। कई बार आवेदन और कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिल पाई थी। कलेक्टर श्री यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

घटना

मां का चल रहा है इलाज,पॉइजनिंग की जताई जा रही आशंका

# जेरठ में दो बच्चों की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नवभारत,दमोह. जिले के पथरिया थाना अंतर्गत के आने वाले जेरठ गांव में दो बच्चों की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई है.शुक्रवार दोपहर दोनों बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.एक महिला का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.**

परिजनों के मुताबिक एक कमरे में गेहूं रखा था, जिसमें कीड़े मारने वाली दवा डाली गई थी.हो सकता है इसी दवा की बदबू की वजह से बच्चों की मौत हुई हो.वहीं डॉक्टर ने इसे प्वाइजनिंग का मामला माना है.अब पोस्टमार्टम के बाद ही बच्चों की मौत का सही कारण पता चलेगा.जेरठ चौकी प्रभारी गौपाल सिंह परिजनों के बयान लेने के लिए अस्पताल पहुंचे है.जानकारी देते हुए दामोदर लोधी ने बताया कि उनकी 10 वर्षीय बेटी भावना और 6 वर्षीय भतीजे समीर को शुक्रवार सुबह उल्टियां हुई थी.दोपहर करीब 12 बजे उनकी हालत बिगड़ गई. जब इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.दामोदर ने बताया कि जिस कमरे में वह लोग रहते हैं, उसमें करीब 80 बोरी गेहूं रखा है जिसमें कीड़े मारने वाली दवा डाली है 8 दिन पहले डाली गई थी.उन्हें अंदेशा है कि जहरीली दवा के सूंघने से ही बच्चों की मौत हुई है.दामोदर के छोटे भाई डोमन ने बताया कि उनकी पत्नी विनीता का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.पत्नी की दो दिन पहले तबीयत बिगड़ी थी, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसके अलावा दोनों बच्चों की गुरुवार शाम को तबीयत बिगड़ी थी.उन्हें उल्टी दस्त हुए थे.गांव में ही उनका इलाज कराया गया. लेकिन शुक्रवार दोपहर बच्चों की हालत अधिक बिगड़ गई.जिसके बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर आए. जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया है.



एक महिला भी बीमार है जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.उन्होंने बताया कि यह प्वाइजनिंग का केस ही लग रहा है. क्योंकि जहरीली दवा सूंघने से किसी की मौत नहीं हो सकती.बच्चों के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा उसके बाद ही मौत की सही वजह पता चलेगी.जेरठ चौकी प्रभारी गोपाल सिंह ने बताया कि परिजनों ने पूछताछ में बताया कि गेहूं को कीड़ों से बचाने के लिए उसमें दवा डाली थी.जिसकी गंध के इन्फेक्शन की वजह से ही बच्चों को उल्टी हुई और डॉक्टर ने उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं.मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की गई है.